**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 20  सितंबर 2026, समय 13:05 (5 मिनट)**

---

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि सेमीकंडक्टर उद्योग को उन देशों के साइबर हमलों और ऐसी बाधाओं के लिए तैयार रहना चाहिए, जो नहीं चाहते कि भारत इस क्षेत्र में आगे बढ़े। एक  मीडिया संस्थान से बातचीत में उन्होंने कहा कि भारत को संभावित भू-राजनीतिक जोखिमों को लेकर सतर्क रहना होगा, क्योंकि अब वह चिप डिजाइन और निर्माण करने वाले सक्षम देश के रूप में उभर रहा है। इसे कई कंपनियां और देश अपने लिए खतरा मान सकते हैं। श्री वैष्णव ने कहा कि सेमीकंडक्टर उद्योग में हर स्तर पर व्यापक प्रयास की जरूरत है। उन्होंने कहा कि उद्योग जगत, केंद्र सरकार और राज्यों को मिलकर काम करना होगा।

---

सब्सिडी वाले रसोई गैस की बुकिंग के लिए पहली अक्तूबर से आधार से जुड़ा बायोमीट्रिक प्रमाणन ज़रूरी होगा। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा कि इसका उद्देश्य  यह सुनिश्चित करना है कि सब्सिडी वाला LPG सिलेंडर केवल पात्र परिवारों को मिले। मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि इस प्रक्रिया का उद्देश्य किसी भी पात्र परिवार को LPG से वंचित करना नहीं है। जो ग्राहक पहले ही प्रमाणीकरण पूरा कर चुके हैं, उन्हें दुबारा कराने की जरूरत नहीं है। बायोमेट्रिक आधार प्रमाणन का काम सिलेंडर की डिलीवरी के समय, वितरक के शोरूम पर या तेल विपणन कंपनियों के मोबाइल ऐप के माध्यम से किया जा सकता है।

---

हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि मौजूदा समय में बढ़ते औद्योगीकरण के दौर में पर्यावरण प्रदूषण ज्वलंत मुद्दा बनता जा रहा है। प्रदूषित वातावरण को रोकने तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण सबसे प्रभावी उपाय है इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को पौधारोपण की दिशा में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। श्री बेदी कल जींद के विश्राम गृह  में सेवा ही संकल्प' अभियान के तहत  आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में पौधारोपण के बाद संबोधित कर रहे थे।उन्होंने युवाओं से अधिक से अधिक पौधे लगाने के साथ-साथ उनके संरक्षण की जिम्मेदारी निभाने का आहवान किया। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा चलाए गए 'एक पेड़ मां के नाम' जैसे विभिन्न जागरूकता अभियानों को सफल बनाने में जनभागीदारी अत्यंत आवश्यक है।

-----------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण बेदी ने रोहतक में सफाई कर्मचारियों के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की। उन्होंने सफाई कर्मचारियों से अनुरोध किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस से शुरू हुए सेवा संकल्प अभियान के तहत स्वच्छता अभियान में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लें। बाद में पत्रकारों से बातचीत में कृष्ण बेदी ने भरोसा दिलाया कि कर्मचारियों को सुरक्षा, वेतन और हर प्रकार की सुविधाएं दी जाएंगी। सरकार ने सफाई कर्मचारियों की सभी 17 मांगें मान ली हैं।

-----------------------------------------------------------------------------------------

विकसित भारत के लिए 100 सप्ताह के नशा-मुक्त युवा अभियान के तहत आज देशभर में युवा एकजुट हो रहे हैं। युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के अनुसार राष्ट्रीय संकल्प समारोह एक हजार 67 स्थानों पर  हो रहा है । समारोह में नशा-मुक्ति शपथ, हस्ताक्षर अभियान, नुक्कड़ नाटक, नारा लेखन और चर्चाओं के जरिए अभियान का संदेश सीधे युवाओं तक पहुंचाया जा रहा

है। इस अभियान में आध्यात्मिक समूह, प्रमुख व्यापारिक समूह, कॉलेज और स्थानीय संगठन शामिल हैं।

-------------------------------------------------------

हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि बादशाहपुर विधानसभा क्षेत्र के समग्र विकास में कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी।गुरुग्राम के सेक्टर 47 में जनसमस्या सुनवाई कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि क्षेत्रवासियों द्वारा विकास से संबंधित जो भी मांगें उनके समक्ष रखी जाएंगी, उनका नियमानुसार जांच कर प्राथमिकता के आधार पर मूर्त रूप दिया जाएगा।

उद्योग मंत्री ने गोदरेज एरिस्टोक्रेट सोसायटी में सेक्टर 49 को गोल्फ कोर्स एक्सटेंशन रोड से जोड़ने वाली 24-मीटर सेक्टर रोड का उद्घाटन भी किया। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार जल्द ही 24 मीटर रोड को लेकर एक नीति लेकर आएगी।

-------------------------------------------------------------------------------

पलवल अनाज मंडी में धान की आवक शुरू हो गई है। मार्किट कमेटी के अध्यक्ष पंकज विरमानी ने बताया कि मंडी में 1509 किस्म के धान की आवक हो रही है। आढ़तियों द्वारा धान की खरीद 3800 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से की जा रही है और इसकी खरीद को लेकर पुख्ता इंतजाम किए गए है। किसानों को अटल कैंटीन से 10 रुपए में भोजन की थाली सहित सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। मंडी में किसानों को कोई परेशानी नहीं आने दी जाएगी।